भू-जल स्तर को बेहतर बनाने का उत्कृष्ट प्रयास है खेत तालाब

मण्डला, देशबन्धु। प्रदेश सरकार ने जल गंगा संवर्धन अभियान को शुरुआत कर पुराने और नवीन जल स्त्रोतों के पुनर्जीवन और पुनरुद्धार करने का संकल्प लिया है। इस अभियान के तहत 30 मार्च से 30 जून तक चलने वाले इस अभियान में मण्डला जिले में भी जल संरक्षण और संवर्धन की दिशा में काम किया जा रहा है।किसानों को सिंचाई के लिए पानी की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए मनरेगा योजना के अंतर्गत बड़े पैमाने पर खेत तालाबों का निर्माण किया जा रहा है। वर्तमान में इन तालाबों के बनने से अब इनमें बारिश का पानी जमा होगा, जिससे किसानों को सिंचाई के लिए पर्याप्त पानी मिलेगा। इसके अलावा यह तालाब मछली पालन, कमल और सिंघाड़े की खेती जैसी आर्थिक गतिविधियों के भी अवसर प्रदान कर अतिरिक्त आमदनी का जरिया बनने के साथ भू-जल स्तर बढ़ाने में भी मददगार साबित होंगे।

खेत तालाब से मिलने वाले इन्हीं परिणामों का असर है कि मण्डला जिले के ग्राम पंचायत करेगाव के गुन्नी लाल ने अपने खेत में जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत नवीन खेत तालाब का निर्माण करने का फैसला लिया।गुन्नी लाल जैसे किसान,



करेगांव के कृषक गुन्नीलाल के खेत में लहलहाएगी रबी की फसल

जो पहले सिंचाई के लिए वर्षा जल या सीमित सिंचाई स्त्रोतों पर निर्भर थे, अब इस तालाब के माध्यम से अपनी कृषि आवश्यकताओं को पूरा कर पा रहे हैं। अब गुन्नी लाल के खेत में भी रबी की फसलें लहलहायेंगी। यह खेत तालाब न केवल सिंचाई के लिए पानी की उपलब्धता सुनिश्चित कर रहा है, बल्कि गुन्नी लाल को अतिरिक्त आय के स्त्रोत भी प्रदान करेगा। वह अब तालाब में मछली पालन कर सकते हैं और कमल तथा सिंघाड़े जैसी जल-आधारित फसलों की खेती करने का विकल्प भी उनके पास उपलब्ध हुआ है। यह तालाब, बारिश के पानी को संचित करके, आसपास के भू-जल स्तर को बढ़ाने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे है, जिससे जल स्त्रोतों में भी पर्याप्त पानी की उपलब्धता होती रहेगी। गुन्नी लाल का खेत तालाब इस बात का प्रमाण है कि स्थानीय स्तर पर जल संरक्षण के प्रयास कैसे किसानों के जीवन में सकारात्मक बदलाव ला सकते हैं और उन्हें आर्थिक रूप से सशक्त बना सकते हैं। गुन्नी लाल प्रदेश सरकार के इस फैसले से बेहद प्रसन्न है और इस अभिनव पहल के लिए प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का आभार व्यक्त कर रहे हैं।

विशाल रथ में सवार होकर आ रहे भगवान जगन्नाथ स्वामी

मण्डला, देशबन्धु। पहली बार इस्कॉन द्वारा भव्य जगन्नाथ स्वामी की रथयात्रा का आयोजन किया गया है। यह रथ यात्रा 1 जुलाई को मंडला पहुंच रही है। रथयात्रा दोपहर 1 बजे से राम मंदिर पड़ाव से नगर भ्रमण के लिए निकाली जायेगी।

रथ यात्रा के पूर्व भगवान जगन्नाथ स्वामी की स्थापना एवं संगीत मय कार्यक्रम राममंदिर प्रागंण में किया जाएगा और यहां से विधि विधान से पूजन अर्चन करते हुए भगवान जगन्नाथ स्वामी को रथ में विराजमान कर रथयात्रा निकाली जायेगी। रथ यात्रा पड़ाव से चिलमन चौंक रेडक्रॉस सिटी कोतवाली, नेहरू स्मारक होते हुए महिष्मति घाट पहुंचेगी जहां पर संध्या मां नर्मदा पंचचौंकी महाआरती के साथ रथयात्रा का समापन होगा। इस दौरान विशाल भंडारा का आयोजन भी किया गया है। बता दें अंतर्राष्ट्रीय कृष्णभावनामृत संघ इस्कॉन के द्वारा



एक जुलाई को मंडला में भव्य आयोजन

भव्य जगन्नाथ रथयात्रा का आयोजन किया जा रहा है। यह आयोजन इस्कॉन उज्जैन की प्रेरणा से हो रहा है जो कि पूरे मध्यप्रदेश में 34 स्थानों पर रथयात्रा जा रही है। इस पुनीत कार्य का नेतृत्व परम पूज्य भक्ति प्रेम स्वामी महाराज कर रहे हैं जो इस्कॉन उज्जैन के अध्यक्ष और दीक्षा गुरु हैं। यह दो किलोमीटर लंबी रथयात्रा दोपहर 1 बजे राम मंदिर पड़ाव से शुरू होकर चिलमन चौक से रेडक्रॉस से नेहरू स्मारक होते हुए महिष्मति घाट मंडला पर समाप्त होगी। रथयात्रा के समापन पर शाम 7.30 बजे भव्य भंडारे प्रसाद वितरण का आयोजन होगा।

15 फीट ऊंचा विशेष रथ जिसमें 10 फीट ऊंचा समायोज्य गुंबद भी है उज्जैन से मंडला लाया जा रहा है। पूरे मार्ग में 20 से अधिक स्वागत स्थलों पर भगवान का आरती, छप्पन भोग पुष्पमाला और रंगोली के साथ जोरदार स्वागत किया जाएगा। इस शोभायात्रा में विशेष आकर्षण के रूप में आदिवासी सांस्कृतिक दल शामिल होंगे जो पारंपरिक कीर्तन और नृत्य द्वारा भगवान श्रीजगन्नाथ की सेवा करेंगे। उज्जैन से 50 भक्तों की टोली भी इस रथयात्रा में भाग लेने आएगी जो पूरे मार्ग में हरिनाम संकीर्तन करती हुई वातावरण को भक्तिमय बनाएगी।

सार-समाचार

गुरु मां 105 विमल मति माताजी का ससंघ मंडला नगर आगमन

मंडला, देशबन्धु। कल दिन सोमवार को स्थान लालीपुर चौराहा समय सुबह 7.00 बजे धर्म प्रेमी बंधुओ गुरु मां 105 विमल मती माता जी का संसंग मंडला नगर आगमन हो रहा है अत: आप सभी सा परिवार अगवानी में शामिल होकर धर्म लाभ पुण्य लाभ प्राप्त करें। संत शिरोमणि आचार्य गुरुवर 108 श्री विद्यासागरजी महामुनिराज का दीक्षा दिवस समारोह बंदिनी आर्यिका संसंग के मंगलमय सानिध्य में एवं बाल ब्रह्मचारी मंडला नगर गौरव अभय भैया जी के निर्देशन में मनाया जा रहा है जिसमें आचार्य श्री की भव्य पूजा संगीत के साथ एवं सभी माताजी के मंगल प्रवचन का लाभ हम सभी को प्राप्त होगा साथ में अनावरण,दीप प्रज्वलन, मंगलाचरण,36 शास्त्र भेंट एवम् सायं काल आचार्य भक्ति, 48 दीपक से भक्तांबर करने का भी सौभाग्य प्राप्त होगा।

स्वच्छ भारत मिशन में खेली जा रही सरकारी धन की होली

कागज में शौच मुक्त हुआ मंडला जिला हकीकत के धरातल में परिणाम शून्य

मंडला, देशबन्धु। प्रधानमंत्री के स्वच्छ भारत का सपना मध्यप्रदेश के मंडला जिले में साकार नहीं हो पा रहा है इस जिले में गंदगी का साम्राज्य स्थापित हो गया है गंदगी को दूर करने के लिए परिणामकारी.कार्य. ना पहले किए गए और ना अब किया जा रहे हैं फर्जी तरीके से संपूर्ण मंडला जिले को ओडीएफघोषित कर दिया गया है जबकि हकीकत सभी को पता है आज भी खुले में शौच से मुक्ति नहीं मिल पाई है खुलेआम शौच किया जा रहा है खासकर जिला मुख्यालय मंडला में ही नर्मदा किनारे खुले में शौच करने वाले देखे जा सकते हैं जब ऐसी स्थिति जिला मुख्यालय मंडला में ही है तो फिर संपूर्ण मंडला जिले में कैसी स्थिति होगी अनुमान लगाया जा सकता है स्वच्छ भारत मिशन मध्य प्रदेश के मंडला जिले में असफल हो गया है बल्कि धांधली मनमानी और लापरवाही की भेंट चढ़ गया है शौचालयों के निर्माण में भारी गड़बड़ी की गई है पुराने शौचायलयों की मरम्मत व नए शौचायलयों का निर्माण कार्य नहीं किया जा रहा है खासकर ग्रामीण क्षेत्र में नियमित रूप से साफसफाई का काम पूरी तरह बंद पड़ा हुआ है जहां देखो वहां इस जिले में गंदगी ही गंदगी दिखाई दे रही है गंदगी का अंबार संपूर्ण मंडला जिले में लगा हुआ है स्वच्छ भारत मिशन अंतर्गत आवंटित धन की सिर्फ होली खेली जा रही है कागज में काम ज्यादा किया जा रहे हैं स्वच्छता दूत कोई काम नहीं कर रहे हैं साथ में स्वच्छ भारत मिशन के सभी अधिकारी कर्मचारी भी स्वच्छ भारत मिशन अंतर्गत कोई खास काम नहीं कर रहे हैं पूरा अमला शांत बैठा हुआ है जन अपेक्षा है स्वच्छ भारत मिशन के सभी कामों की जांच पड़ताल शुरुआत से लेकर अभी तक की की जावे और दोषियों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए स्वच्छ भारत मिशन का क्रियान्वयन मध्य प्रदेश के मंडला जिले में सही तरीके से कराया जाए।

कांग्रेस कमेटी मंडला द्वारा प्रेस कॉन्फ्रेंस आयोजित

मंडला, देशबन्धु। अशोकनगर में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी जी के खिलाफ फर्जी तरीके से एफआई आर दर्ज कराई गई है जो कि भारतीय लोकतंत्र में विपक्ष की आवाज को दबाने की बीजेपी सरकार की चाल है, इसी संदर्भ में जिला कांग्रेस कमेटी मंडला की एक प्रेस कॉन्फ्रेंस आयोजित की जा रही है, जिसमें जिला कांग्रेस अध्यक्ष एड राकेश तिवारी जी कांग्रेस पार्टी का पक्ष मीडिया के साथियों के साथ साझा करेंगे।

कार्मिक लोक शिकायत एवं पेंशन द्वारा वेबिनार का आयोजन

मंडला, देशबन्धु। कार्मिक लोक शिकायत एवं पेंशन मंत्रालय भारत सरकार की ओर से सेवाओं की उपलब्धता में कमियों का चिन्हांकन और उनको दूर करने के विषय में वेबीनार का आयोजन किया गया। वेबीनार में स्थानीय उद्योगों के माध्यम से आजीविका के स्त्रोतों का सृजन, बाजार की उपलब्धता को संवहनीय बनाना, पर्यटन को बढ़ावा देना, टूरिस्ट फुटफॉल, स्किल डेवलपमेंट, प्रधानमंत्री आवास, एग्रो इकोनोमिक डायवर्सिफिकेशन, महिला सशक्तिकरण, बच्चों के लिए एडवांश एजुकेशन, गुड गवर्नेंस जैसे विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई। वेबीनार में मंडला गोलमेज कक्ष से कलेक्टर सोमेश मिश्रा, सीईओ जिला पंचायत श्रेयांश कूमट, अपर कलेक्टर राजेन्द्र कुमार सिंह, एसी ट्राईबल श्रीमती वंदना गुप्ता, डिप्टी डायरेक्टर एग्रीकल्चर अश्विनी झारिया, रोहित बड़कुल, जिला पेंशन अधिकारी अविनाश नागले, जिला आपूर्ति अधिकारी, सहायक संचालक उद्यानिकी सहित संबंधित शामिल हुए।

गांजे के साथ एक युवक गिरफ्तार, 2.95 लाख का 17 किलो माल पुलिस ने किया जब्त

मंडला, देशबन्धु। जिले की मोहगांव पुलिस ने ग्राम चाबी में बड़ी मात्रा में गांजा बरामद किया है। यह कार्रवाई शनिवार को गई, इस दौरान पुलिस ने करीब 2.95 लाख रुपये का 17.464 किलोग्राम गांजा जब्त किया गया। मामले में एक व्यक्ति को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया है।

जानकारी के अनुसार, मोहगांव थाना प्रभारी को सूचना मिली थी कि ग्राम चाबी में एक व्यक्ति अवैध रूप से गांजा छिपाकर रखे हुए है। सूचना की पुष्टि होते ही वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत कराया गया और निर्देशानुसार एक विशेष पुलिस टीम का गठन कर छापेमारी की योजना बनाई गई। टीम ने ग्राम चाबी के वार्ड क्रमांक 4 निवासी मुन्ना लाल यादव (49) पिता स्व. लक्ष्मण यादव के घर पर दबिश दी। तलाशी के दौरान पुलिस ने प्लास्टिक के ड्रम में रखे 11 पैकेट और टीन की पेटी में रखे 6 पैकेट गांजा बरामद किया। जब्त किए गए गांजे का कुल वजन 17.464 किलो पाया गया, जिसकी अनुमानित बाजार कीमत करीब 2 लाख 95 हजार रुपये है।

गिरफ्तार आरोपी से पूछताछ की जा रही है ताकि यह पता लगाया जा सके कि वह यह गांजा कहां से लाया था और इसकी आपूर्ति कहां करने वाला था। पुलिस को शक है कि आरोपी किसी अंतरराज्यीय तस्कर गिरोह से जुड़ा हो सकता है। पूछताछ और आगे की जांच से इस मामले में और भी खुलासे होने की संभावना है। मोहगांव पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध एनडीपीएस एक्ट की धारा 8/20 के तहत मामला दर्ज कर लिया है। उसे विधिसम्मत कार्रवाई के बाद न्यायालय में प्रस्तुत किया गया, जहां से उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

एनडीपीएस के 10 प्रकरणों में 23.2 किलो गांजा जब्त

मादक पदार्थों के विरुद्ध मंडला पुलिस का अभियान

मंडला, देशबन्धु। पुलिस मुख्यालय के निर्देशानुसार मादक पदार्थों के तस्करी व विक्रय में लिप्त व्यक्तियों के विरूध्द चलाया जा रहे विशेष अभियान एवं मण्डला पुलिस के नशे के विरूद्ध ऑपरेशन क्लीन स्विप के तहत मण्डला पुलिस द्वारा लगातार कार्यवाही की जा रही है, जिसमें अलग-अलग थाना क्षेत्रान्तर्गत प्राप्त सूचना पर 10 प्रकरणों में कुल- 23.2 किलो गांजा जप्त किया गया। कार्यवाही में थाना-निवास, नैनपुर, बिछिया, मण्डला, बम्हनी, टिकरिया, बीजाडांडी एवं मोहगाँव द्वारा एक-एक तथा थाना-महाराजपुर द्वारा 02 प्रकरणों में एनडीपीएस की धारा के तहत कार्यवाही की गई।

थाना बीजाडांडी पुलिस ने 0.586 किलो गांजा एवं नगदी जब्त- इसी तारतम्य में थाना बीजाडांडी पुलिस को दिनांक 28-06-2025 को सूचना मिली थी कि ग्राम धनवाही में एक महिला द्वारा गांजा की पुड़िया बनाकर बेचने रखी हुई है।

उक्त सूचना पर कार्यवाही करते हुए आरोपी महिला के कब्जे से 0.586 किलो गांजा एवं नगदी 620 रुपये जप्त कर महिला आरोपी के विरुध्द थाना बीजाडांडी में एनडीपीएस की धाराओं में अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

आपरेशन क्लीन स्वीप- उल्लेखनीय है कि जिले में नशा के खात्मे एवं किसी भी प्रकार के नशे के व्यापार में लिप्त व्यक्तियों की सूचना देने के लिए आपरेशन क्लीन स्वीप चलाया जा रहा है। जिसके लिए नारकोटिक्स हेल्पलाइन नंबर 7587644166 जारी किया गया है।

जिस पर संपूर्ण मंडला जिले के किसी भी क्षेत्र से नशे से संबंधित सूचना किसी भी समय दी जा सकती है। सूचना देने वाले का नाम गोपनीय है। अभियान अंतर्गत मंडला पुलिस द्वारा प्राप्त सूचना पर नशे के व्यापार में लिप्त व्यक्तियों पर लगातार कार्रवाई की जा रही है।

जन स्वाभिमान यात्रा का आज होगा समापन

बालाघाट, मंडला और डिंडोरी से जुटेंगे लोग, सौंपेंगे ज्ञापन

मंडला, देशबन्धु। धरती आबा बिरसा मुंडा के बलिदान दिवस 9 जून से शुरू जन संघर्ष मोर्चा की जन स्वाभिमान यात्रा का आज मंडला पहुंचकर समापन होगा। इस अवसर पर मंडला जिले के अलावा बालाघाट और डिंडोरी जिले से भी सामाजिक कार्यकर्ता, पंचायती राज प्रतिनिधि और समुदाय के लीडर जुटेंगे। उक्तआशय की जानकारी देते जन संघर्ष मोर्चा महाकौशल के संयोजक विवेक पवार ने बताया है कि यात्रा के समापन पर क्षेत्रीय मुद्दों पर विचार विमर्श कर आगे की रणनीति बनाई जाएगी। 12 बजे से 4 बजे तक महाराजपुर नर्मदा संगम पर जनता के स्वाभिमान, विस्थापन, वन अधिकार, पंचायती राज, खनिज संसाधनों की लूट, बरगी जलाशय से लिफ्ट कर किसान के खेतों में सिंचाई,बरगी के मछुआरों और पर्यावरण से जुड़े मुद्दों पर चर्चा होगी।इस कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ बचाओ आंदोलन और हसदेव अरण्य जंगल बचाने के आंदोलन में शामिल आलोक शुक्ला,जन स्वास्थ्य अभियान इंडिया के अमुल्य निधि, किसान नेता राम नारायण कुडरिया आदि विशेष रूप से कार्यक्रम में शामिल होने मंडला पहुंच रहे हैं। कार्यक्रम में मंडला के सम्माननीय नागरिकों, बुद्धिजीवी और पत्रकारों से उपस्थिति की अपील किया गया है।

धरती आबा योजना अंतर्गत जिला स्तरीय कार्यक्रम आज

मंडला, देशबन्धु। धरती आबा योजना के अंतर्गत जिला स्तरीय कार्यक्रम सोमवार को जिला योजना भवन मंडला में सुबह 11 बजे से आयोजित किया जाएगा।

इसके तहत आधार कार्ड,आयुष्मान भारत कार्ड, ई केवाईसी, जनधन खाता, पात्रता पर्ची/ उज्जवला एवं जाति प्रमाण पत्र बनाये जाने के लिए कैम्प लगाये जाएंगे।कलेक्टर सोमेश मिश्रा ने सभी संबंधित विभाग प्रमुखों को आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए हैं।

तीन से चार स्थानों में पौधरोपण करेगा हम फाउंडेशन संगठन

मण्डला, देशबन्धु। हम फाउंडेशन भारत सामाजिक संगठन जिला मंडला की वृक्षारोपण प्रकल्प के तहत आज 29 जून को मंडला सर्किट हाउस में बैठक रखी गई । आज के बैठक मंडला जिला की मुख्य तीन शाखा जिसमें स्वामी विवेकानंद शाखा,महिष्मति शाखा,सांस्कृतिक शाखा के सभी पदाधिकारी सदस्य उपस्थित रहे। बैठक में मुख्य रूप से सावन माह में वृक्षारोपण किया जिसमें छायादार,फलदार वृक्ष लगाए जाने जिसमें तीन स्थान चयन किए गए है उसमें गाजीपुर के गुरुकुल,महर्षि स्कूल,सरस्वती शिशु मंदिर में पौधे लगाए जाएंगे सभी के सहयोग से बैठक में आदरणीय प्रदेश संरक्षक बी के राय जी द्वारा सभी शाखाओं के विस्तार सदस्यता शुल्क जमा करने के लिए सभी शाखाओं से बोला गया।

प्रतिमाह सभी शाखाओं की बैठक निश्चित करने के लिए भी अपनी बात रखी गई। साथ ही सावन माह में वृक्षारोपण के लिए भी सभी से बोला गया सभी सदस्य साथ होकर वृक्षारोपण में सहयोग प्रदान करे। आज के बैठक में बी के राय,अखिलेश सोनी, मुकेश कछावाहा, पुहुप सिंह भारत,राकेश दीक्षित, राजेंद्र प्रसाद नेमा, गणेश पटेल, दिवाकर दत्त पांडे, शैलेन्द्र कुमार भदौरिया, स्वतंत्र कुमार पटेल, आर के सिंह चौहान, हरिराम कछवाहा, सुरेश कुमार चौधरी, उदित नारायण पाठक, बसंत रजक, महिला शाखा से नाहिद तबस्सुम, संगीता मरावी, सरिता गौर उपस्थित रही।

धांधलीबाजों की बल्ले-बल्ले, धांधली सामने आने के बाद भी नहीं हो रही कार्रवाई

मंडला, देशबन्धु। मध्य प्रदेश के मंडला जिले में लगातार घोटाला हो रहे हैं सरकारी विभागों में पदस्थ अधिकारी कर्मचारी खुलेआम घोटाला कर रहे हैं घोटालेबाजो को दंडित करने की कार्यवाही क्या की जा रही है। यह बात सभी को पता नहीं चल पा रही है देखा जा रहा है कि कहीं जनपद पंचायत में तो कहीं अस्पताल में तो कहीं ग्राम पंचायत में व अन्य विभागों में कर्मचारी अधिकारी लगातार मंडला जिले में घोटाला के ऊपर घोटाला कर रहे हैं घोटाला उजागर भी हो रहा है अखबारों की सुर्खियां भी बन रहे हैं इसके बाद भी घोटालेबाजो के खिलाफ क्या परिणामकारी कार्यवाही की जा रही है पता नहीं चल पा रहा है सिर्फ जांच हो रही है जांच भी तेजी के साथ पूरी नहीं की जा रही है जिसकी वजह से घोटालेबाजो के हौसले बुलंद है नागरिक सवाल कर रहे हैं कि आखिरकार इन सबको संरक्षण कौन प्रदान कर रहा है नागरिकों का आरोप है कि मध्य प्रदेश की सरकार घोटाले बाज अधिकारियों कर्मचारियों को संरक्षण प्रदान कर रही है जिसकी वजह से लगातार मंडला जिले में घोटाले हो रहे हैं। घोटाले को रोकने का काम शासन प्रशासन द्वारा कब किया जाएगा नागरिक सवाल कर रहे हैं नागरिकों की मांग है कि तत्काल सभी तरह के घोटाले को बंद किया जाए और जो घोटाले किए गए हैं उसकी सही जांच पड़ताल कर तत्काल दंड का विधान निश्चित किया जाए ताकि घोटाले बाज अधिकारी कर्मचारियों के खिलाफ सही कार्रवाई हो सके।

पेट्रोल पंप संचालकों को सरकार का संरक्षण!

मंडला, देशबन्धु। मध्य प्रदेश के मंडला जिले में कई तरह की गड़बड़ी हो रही है शासन प्रशासन के संरक्षण में सभी तरह की गड़बड़ियों को रोकने के लिए कोई प्रयास नहीं किया जा रहे हैं जिसकी वजह से गड़बड़ी करने वालों के हौसले बुलंद होते जा रहे हैं इस बार गड़बड़ी की जानकारी पेट्रोल पंपों की दी जा रही है पेट्रोल पंपों में सुविधाओं का टोटा बना हुआ है लोगों को पेट्रोल भी कम मात्रा में दिया जा रहा है पेट्रोल पंप में वाहनों में हवा भरने के लिए कोई ध्यान नहीं देता है पानी की व्यवस्था व शौचालय की व्यवस्था भी दिखाई नहीं देती है कई पेट्रोल पंपों में होना चाहिए वह मौजूद दिखाई नहीं दे रही है और यदि वह सुविधाएं मौजूद है भी तो उनका इस्तेमाल नहीं किया जा रहा है नागरिकों को पेट्रोल पंपों में मिलने वाली सुविधाओं का लाभ मध्यप्रदेश के मंडला जिले में बिल्कुल भी नहीं मिल पा रहा है

लगातार पेट्रोल पंपों में गड़बड़ी हो रही है पेट्रोल पंपों में सुविधाओं का टोटा आखिरकार क्यों बना हुआ है शासन प्रशासन द्वारा इस विषय में जांच पड़ताल नहीं की जा रही है जांच पड़ताल नहीं होने की वजह से पेट्रोल पंप संचालक मनमानी पर उतारू हो गए हैं बताया जा रहा है कि पेट्रोल बेहद कम मात्रा में दिया जाता है और विरोध करने पर विवाद किया जाता है नागरिकों की मांग है कि तत्काल सभी पेट्रोल पंपों की नियमित जांच पड़ताल की जाए।